DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR
QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR ANNUAL (2017-18)
SUBJECT- HINDI (2L)
CLASS-VI

**Annual Syllabus –**

साहित्य - झाँसी की रानी, एक कहानी कुछ अनजानी, बसंती हवा, अब्दुल कलाम के संदेश, ईदगाह, मन के साहसी।

कहानी संचय - एक गरीब, जो राजा बन गया।

व्याकरण – पर्यायवाची (16-30), अनेकार्थक शब्द (10-20), विलोम (26-50), समास, , मुहावरे (26-45), लोकोक्तियाँ (11-20), वाक्य शुद्धिकरण, अपठित गद्यांश एवं पद्यांश।

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन।

<u>झाँसी की रानी - सुभद्रा कुमारी चौहान</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) लक्ष्मीबाई के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। वीरता की अवतार किसे और क्यों कहा गया है?

ii) लक्ष्मीबाई की दो सखियाँ कौन-कौन थीं? विद्रोह की आग कहाँ-कहाँ और क्यों भड़की?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) 'झाँसी की रानी' कविता में किसकी शौर्य गाथा का वर्णन है? लक्ष्मीबाई ने किन-किन को परास्त किया?

iv) स्वतंत्रता की लड़ाई में रानी लक्ष्मीबाई ने अपना योगदान किस प्रकार दिया?

v) 'यदि मन में चाह हो तो हम किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं' – स्पष्ट कीजिए।

vi) "बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vii) किन कारणों से रानी को सिंहनी कहा गया है? मराठे रानी के किस गुण से प्रभावित और पुलकित होते थे?

<u>एक कहानी कुछ अनजानी</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) अपना प्रभुत्व जताने के लिए कुतुबद्दीन ऐबक ने क्या किया?

ii) दास वंश का संस्थापक कौन था? मुहम्मद गोरी की मृत्यु के बाद स्वयं को दिल्ली का सम्राट किसने घोषित किया था?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) कुतुबमीनार की क्या विशेषता है? कुतुबमीनार का शाब्दिक अर्थ क्या है? इसे युनेस्को द्वारा कौन सी मान्यता दी गई है?

iv) कुतुबमीनार को मानवता का प्रतीक क्यों माना जाता है? इसका सीना कब और क्यों गर्व से तन जाता है?

v) कुतुबद्दीन ऐबक ने अपनी राजधानी कहाँ बनाई थी? इसके पीछे कौन - सी वज़ह थी?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vi) कुतुबमीनार के निर्माण में किन-किन तकनीकों का प्रयोग हुआ है? कुतुबमीनार नीचे से चौड़ा और ऊपर से पतला क्यों बनाया गया है? स्पष्ट कीजिए।

<u>बसंती हवा</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) बसंती हवा का स्वभाव कैसा है? उसने हरे खेत पहुँचकर क्या किया? अरहरी के लजाने का भाव स्पष्ट कीजिए।

ii) बसंती हवा के आगमन पर वातावरण में क्या परिवर्तन होता है? महुआ के पेड़ पर चढ़कर बसंती हवा ने क्या किया?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) अलसी के शीश पर बसंती हवा ने कलसी देखकर क्या किया? उसे किस प्रकार हार का सामना करना पड़ा?

iv) बसंती हवा आम के पेड़ से उतर कर क्यों भागी? वहाँ से कहाँ-कहाँ होती हुई गई?

v) बसंती हवा की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए। उसके चलने पर सब लोग उत्साह एवं उल्लास की अनुभूति क्यों करते हैं?

vi) बड़ी बावली हूँ, बड़ी मस्तमौला - कविता के आधार पर इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vii) बसंती हवा ने क्रोध में आकर क्या किया? प्रकृति हमें अपने लक्ष्य तक पहुँचने की सीख किस प्रकार देती है?

<u>अब्दुल कलाम के संदेश</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) अब्दुल कलाम का पूरा नाम क्या था? उनका पूर्ण परिचय दीजिए।

ii) अब्दुल कलाम के अनुसार ज्ञान कब तक पाया जा सकता है? उड़ने का सपना किसने देखा?

iii) श्री कृष्णमूर्ति कौन थे? उन्होंने डॉ. अब्दुल कलाम के सामने क्या प्रस्तुत किया?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iv) अब्दुल कलाम के अनुसार पृथ्वी का सबसे शक्तिशाली संसाधन क्या है और क्यों है?

v) डॉ. कलाम के अनुसार ज्ञान के चार अंग क्या हैं? स्पष्ट कीजिए। ज्ञानशीलता के बारे में उनके विचार स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vi) "प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ विशेष अवश्य होता है।" श्री कृष्णमूर्ति ने अपंग होते हुए भी अपनी किस विशेष प्रतिभा से इस कथन को सत्य प्रमाणित किए।

vii) राष्ट्रपति होने के साथ-साथ डॉ. कलाम को और किन-किन उपाधियों से विभूषित किया गया? स्पष्ट कीजिए।

<u>ईदगाह</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) ईद कब, क्यों और कैसे मनाई जाती है? मनाने के लिए लोग कहाँ जा रहे हैं?

ii) अमीना को किस बात की चिंता सता रही थी? मेले में जाते वक्त उसने हामिदको कितने पैसे दिए और क्या कहा?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) हामिद कौन था? वह क्यों प्रसन्न था? मेले में सभी बच्चों को खाते, खेलते और खिलौने खरीदते देखकर उसकी क्या प्रतिक्रिया थी?

iv) हामिद ने अपने चिमटे को बहादुर शेर क्यों कहा? सभी बच्चों के खिलौने से उसने अपने चिमटे को श्रेष्ठ कैसे प्रमाणित किया?

v) मोहसिन, नूरे तथा महमूद ने कौन-कौन से खिलौने खरीदे? उनके खिलौनों का क्या हस्र हुआ?

vi) बच्चों ने मेले में क्या-क्या देखा और क्या-क्या खाया? उन सब के बीच हामिद का भूखे रहना उसकी किन चारित्रिक विशेषताओं को दर्शा रहा है?

vii) अमीना को हामिद की किस हरकत पर क्रोध आया? उसका क्रोध अचानक प्रेम में क्यों बदल जाता है?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

viii) त्योहार आपसी मतभेद मिटा देते हैं। कैसे? स्पष्ट कीजिए।

<u>मन के साहसी</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) सरिता किस प्रकार हादसे का शिकार हुई?

ii) सरिता के पिता ने डॉक्टरों की सलाह क्यों नहीं मानी?

iii) सरिता को कौन से दो पुरस्कार मिले?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iv) सरिता के पिता कौन थे? उन्होंने किस प्रकार सरिता के संघर्ष में सहायता की?

v) लोगों के व्यवहार को देखकर सरिता दुखी क्यों हो जाती थी?

vi) संघर्ष और सफलता ने किस प्रकार सरिता के जीवन को बदल दिया? लिखिए ।

vii) बालश्री सम्मान योजना की चुनौती का सरिता ने किस प्रकार सामना किया?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

viii) साहस वह उदात्त भावना है जो मनुष्य को उस ऊँचाई तक पहुँचाती है, जहाँ बाह्य शक्तियों की अपेक्षा आंतरिक शक्तियों का महत्व अधिक है। मन के साहसी पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

ix) "व्यक्ति विकलांग मन से नहीं तन से होता है।" मन के साहसी पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए।

x) सरिता के संघर्ष की कहानी अपने शब्दों में लिखिए ।

<u>एक गरीब, जो राजा बन गया</u>

i) व्याघ्र ने जैन मुनि की सेवा कैसे की और उसे उसका क्या फल मिला?

ii) व्याघ्र नौकर से राजा कैसे बन गया?

iii) व्याघ्र की कीर्ति दूर-दूर तक क्यों फैली हुई थी?

## <u>व्याकरण</u>

<u>पत्र-लेखन</u> -

i) आपके इलाके में कोई कूड़ादान नहीं है । लोग अपने घर के कूड़े को रास्ते पर ही फेंक रहे हैं जिससे मक्खी और मच्छरों की उत्पत्ति हो रही है। इसके कारण लोग आए दिन विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त भी हो रहे हैं । इस समस्या की तरफ नगर-निगम का ध्यान आकर्षित करते हुए पत्र लिखिए।

ii) आपकी बड़ी बहन का विवाह है । इस कारण आपको एक सप्ताह की छुट्टी चाहिए। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु पत्र लिखिए।

iii) आपके इलाके के वृक्षों की नियमित कटाई की जा रही है । इस बात की सूचना देते हुए वन अधिकारी को पत्र लिखिए।

iv) क्रिकेट खेलते वक्त गलती से आपके द्वारा विद्यालय की खिड़की का शीशा टूट गया है । इस बात के लिए क्षमा माँगते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

v) बार-बार बिजली कटने से होने वाली समस्याओं की ओर बिजली विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए बिजली अधिकारी को पत्र लिखिए।

vi) विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

vii) विद्यालय शुल्क (फीस) माफ़ी के लिए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

viii) कक्षा में हो रही चोरी की रोक-थाम के लिए कक्षाध्यापक को एक पत्र लिखिए।

<u>अनुच्छेद-लेखन</u> -

i) भारतीय नारी

ii) छात्र जीवन में समय का महत्त्व

iii) पुस्तकः हमारी सबसे प्रिय मित्र

iv) बढ़ती जनसंख्या का प्रकोप

v) एक मनोरंजक बस यात्रा

vi) मेरे जीवन की आकांक्षा

vii) जीवन में खेलों का महत्व

vii) रंगों का त्योहार होली

ix) मेहनत से ही फल मिलता है

विज्ञापन-लेखन -

i) केश शैम्पू पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।

ii) किसी नई कार का 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

iii) सर्दियों में आपकी त्वचा फट जाती हैं। उसे सुरक्षित रखने वाली क्रीम पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

iv) बूट पॉलिश पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

v) बिजली बचाने वाले बल्ब पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

vi) किसी चॉकलेट पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

vii) किसी कलम के लिए 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

viii) स्कूल बैग के लिए 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

ix) बालों में लगाने वाले तेल के लिए 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

संवाद-लेखन -

i) नोटबंदी से होने वाली परेशानियों पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

ii) गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर दो अध्यापकों के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

iii) बेटे को कुसंगति से दूर रहने की सलाह देते हुए माँ के साथ हुई बेटे की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

iv) वनों का हमारे जीवन में महत्व – इस विषय पर शिक्षक और शिष्य के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

v) खेल-कूद का हमारे जीवन में महत्व – इस विषय पर पिता और पुत्र के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।


vi) विश्वसनीय मित्र का महत्व – इस विषय पर दो छात्रों एके मध्य हुए बातचीत को संवाद रुप में लिखिए ।


vii) दो बहनों के बीच नए खिलौने के लिए

viii) एक महिला और सब्ज़ी वाले के बीच

ix) नए कंप्यूटर के लिए पिता और पुत्र के बीच

चित्र वर्णन

i) 

ii) 

iii) 